उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 27.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 02 नफ़र अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांकः- 26.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरूण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित उ0नि0 नरेशचन्द्र निगम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.जागेश्वर अहिरवार पुत्र छक्की अहिरवार उम्र करीब 60 वर्ष 2.जगत अहिरवार पुत्र पपुवा अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासीगण ग्राम महेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0 जिनके कब्जे से एक झोले/बोरी में 20-20 अदद क्वार्टर देशी शराब बन्टी बबली ब्रांण्ड नाजायज बरामद करते हुए ग्राम सौरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 102/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 नरेशचन्द्र चौकी प्रभारी सौरा

2. कां0 राहुल कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.जागेश्वर अहिरवार पुत्र छक्की अहिरवार उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम महेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0

2.जगत अहिरवार पुत्र पपुवा अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम महेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा की एसओजी एवं थाना अजनर पुलिस टीम ने साहसिक मुठभेड़ में लूट की बड़ी वारदात का सफल अनावरण किया है, लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार, जिनमें एक पैर में गोली लगने से हुआ घायल, कब्जे से ₹3.10 लाख लूटी गयी नगदी, अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

दिनांक 09.06.2025 को थाना अजनर क्षेत्रान्तर्गत शराब ठेका संचालक से मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई लूट की घटना के संबंध में थाना अजनर में मु0अ0सं0 129/2025 धारा 309(6) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र श्री राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा तत्काल प्रभाव से अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा की एसओजी व थाना अजनर पुलिस की संयुक्त तीन टीमें गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी/घटना के सफल अनावरण हेतु लगाई गईं।

टीम द्वारा की गई सतर्क गश्त, क्षेत्रीय जानकारी एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम सीगौन से दौरिया गांव जाने वाली कच्ची सड़क पर पुलिस मुठभेड़ में तीनों अभियुक्तों को घेर लिया गया। मुठभेड़ में एक अभियुक्त राकेश उर्फ रक्कू गोली लगने से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य दो अभियुक्तों मदन कुशवाहा एवं लक्ष्मण को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

घटना से सम्बन्धित मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए थाना अजनर पर मु0अ0सं0 139/2025 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व धारा 3/25 A. Act के तहत अलग से अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ रक्कू ने बताया कि दिनांक 09.06.2025 को उसने अपने साथियों मदन कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा और अनेन्द्र सिंह उर्फ राजा (जो चमरूआ शराब ठेके पर सेल्समैन है) के साथ मिलकर ठेकेदार सुधांशु द्विवेदी से लूट की योजना बनाई थी। अनेन्द्र ने ठेके पर रहकर पैसे की सूचना दी, जिस पर चारों ने मिलकर बघौरा के पास लूट की। लूट के बाद पैसों को आपस में बांट लिए और कुछ पैसे पार्टी में खर्च किया गया। अगले दिन मदन व लक्ष्मण ने ₹25,000-₹25,000 से मोबाइल खरीदे, जो पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। शेष रकम अनेन्द्र सिंह के हिस्से की राकेश के पास सुरक्षित थी, तथा कुछ रुपये मदन व लक्ष्मण को दे दिए।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 27.06.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

## गिरफ्तार अभियुक्तगण:

1. राकेश कुमार उर्फ रक्कू पुत्र मुन्नालाल **(मुठभेड़ में घायल)**
2. मदन कुशवाहा पुत्र खेमचन्द्र
3. लक्ष्मण पुत्र छविलाल

समस्त निवासीगण ग्राम दौरिया, थाना नौगांव, जिला छतरपुर (म.प्र.)

## वांछित अभियुक्त:

अनेन्द्र सिंह उर्फ राजा पुत्र चरन सिंह, निवासी टीला, थाना अलीपुरा, जनपद छतरपुर (म.प्र.)

## बरामदगी का विवरण:

- ₹3,10,000/- लूटी गई नगदी
- 03 एंड्रॉइड मोबाइल फोन जिसमें लूट की राशि से खरीदे गए दो मोबाइल (कुल कीमत ₹45,000)
- एक तमंचा 315 बोर
- 03 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस
- घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (MP16ZJ0728)

## अपराधिक इतिहास (राकेश):

मु0अ0सं0 286/2016 धारा 60 आबकारी अधिनियम, थाना कुलपहाड़, जनपद महोबा

अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 139/2025 धारा 109(1) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 A. Act के अंतर्गत भी अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-

### जनपदीय एसओजी टीम-

1. उ० नि० शिव प्रताप सिंह प्रभारी एसओजी टीम
2. उ०नि० विवेक यादव
3. का० रनजीत सिंह 4.का० निर्भय सिंह 5.का० आशीष बघेल
6. हे० का० भूपेंद्र सिंह 7.का० दीपक वर्मा 8.का० कुलदीप यादव
9. का० सत्यम सिंह जादोन 10. का० अभिषेक दुबे

### थाना अजनर पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 सत्यपाल सिंह 2. व0उ0नि0 कन्हैयालाल
3. उ0नि0 शिवदान सिंह 4. उ0नि0 आकाश मौर्य 5.उ0नि0 ऋषी शुक्ला
6. कां0 सौरभ सिंह 7.कां0 भरत सिंह 8.कां0 आशीष सरोज
9. कां0 सुनील दुबे 10. का0 अजीत यादव

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी, टोलीवार निरीक्षण एवं ड्रिल करायी गयी, रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित कर अनुशासन एवं स्वच्छता का पढाया गया पाठ –

आज दिनांक- 27.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। परेड उपरांत टोलीवार निरीक्षण एवं अनुशासन हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों की शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के लिए दौड़ भी आयोजित की गई।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन महोबा में ज्वाइनिंग ट्रेनिंग कोर्स प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस बल की गरिमा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को रेखांकित करते हुए अनुशासन, एकरूपता, स्वच्छ एवं सही ढंग से वर्दी धारण करना, परिसर की स्वच्छता बनाए रखना जैसे मूलभूत बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि एक उत्तरदायी पुलिस कर्मी न केवल अपने कार्यों से बल्कि अपने आचरण एवं व्यक्तित्व से भी समाज में विश्वास का प्रतीक होता है।

परेड के बाद अर्दली रूम कार्यवाही के दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई तथा अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षण/लाइन, श्री दीपक दुबे एवं प्रतिसार निरीक्षक/आरआई महोबा श्री शिवकुमार को निर्देशित किया गया कि वे चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं के दृष्टिगत परेड ग्राउंड एवं सम्पूर्ण पुलिस लाइन परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के साथ-साथ अन्य कमियों का अवलोकन कर उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराएं, जिससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न आने पाए।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## आगामी त्यौहारों के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोबा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा 'दंगा नियंत्रण स्कीम' के अंतर्गत विशेष आपात परिस्थितियों तथा कानून-व्यवस्था संबंधी समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु भारी पुलिस बल व दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रिहर्सल किया गया।"

आगामी त्योहारों के अवसर पर जनपद महोबा में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अराजक तत्वों पर नियंत्रण रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से आज दिनांक 27.06.2025 को "दंगा नियंत्रण स्कीम" के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल (रिहर्सल) का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का नेतृत्व जिलाधिकारी महोबा, श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल को दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस कर, उन्हें संभावित आपात स्थितियों से निपटने हेतु व्यवस्थित रूप से अभ्यास कराया गया।

रिहर्सल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त बल को दंगा नियंत्रण की रणनीति से अवगत कराते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बताया गया कि यह मॉक ड्रिल विशेष रूप से त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही है ताकि जनपद में शांति व्यवस्था को बनाए रखा जा सके तथा किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके।

थाना कोतवाली नगर क्षेत्र को कई जोन एवं सेक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक प्वाइंट पर सुरक्षा ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। संवेदनशील स्थलों पर एरिया डोमिनेशन एवं बैरियर ड्यूटी की व्यवस्था भी की गई है।

पुलिस अधीक्षक श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा दंगा नियंत्रण बल के साथ पैदल गश्त करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया गया और तैयारियों का गहनता से जायजा लिया गया। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार रहना होगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई अराजक तत्व शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी श्री रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री अर्जुन सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर श्री अवधेश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह सहित पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय, अभियोजन विभाग, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट एवं फायर सर्विस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि त्योहारों के दौरान जनसामान्य को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण प्राप्त हो सके। महोबा पुलिस जनपदवासियों की सुरक्षा एवं सेवा के लिए पूर्णतः कटिबद्ध है।